हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 2 अप्रैल 2025

11 मंत्रोचारण के साथ नए सत्र की शुरुआत



12 बीज एवं कीटनाशक अधिनियम का विरोध








## खबर संक्षेप

### 10 किलो गांजे सहित तस्कर गिरफ्तार



**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा-2 ने गांजे सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से दस किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। सीआईए इंचार्ज रवींद्र का कहना है कि उन्हें सूचना मिली थी कि रज्जाक नाम का एक आदमी नशीले पदार्थ की बिक्री करता है। वह फिलहाल इसी मंशा से बहादुरगढ़ के सेक्टर 9 में आया हुआ है। इस सूचना पर टीम हरकत में आई और मेट्रो के फ्लैटों के नजदीक गई। वहां एक युवक नजर आया। शक के आधार पर उसे काबू किया। आरोपी की पहचान रज्जाक निवासी दिल्ली के रूप में हुई। इसके बाद राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान उसके पास दस किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया।

# मंडी में सरसों का उठान धीमा, जगह जगह लगी ढेरियां, गेहूं की आवक शुरू

■ लिफ्टिंग में देरी से आढ़ती परेशान ■ 11215.93 मीट्रिक टन सरसों की आवक, 2932 मीट्रिक टन का उठान




झज्जर। अनाज मंडी में लगी सरसों की ऊंची ढेरी।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

अनाज मंडी परिसर से सरसों का उठान कार्य धीमी गति से होने के कारण आढ़तियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंडी परिसर में सरसों की ऊंची-ऊंची ढेरियां लगी हुई है। वहीं गेहूं की आवक भी शुरू हो गई है। आढ़ती एसोसिएशन के पूर्व प्रधान चांद पहलवान ने बताया कि सरसों का उठान कार्य धीमी गति से हो रहा है। अब किसान गेहूं की फसल लेकर भी मंडी में आने लगे है। जिसके कारण जगह की कमी होने के कारण काफी परेशानी हो रही है। वहीं डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि अब तक जिले में कुल 6372.35 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है, जबकि 11215.93 मीट्रिक टन सरसों की आवक दर्ज की गई है। इसमें से 2932 मीट्रिक टन सरसों की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है और शेष लिफ्टिंग का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। वहीं मंगलवार से गेंहू की आवक भी शुरु हो गई है। 543 एमटी गेंहू की आवक दर्ज की गई। वहीं डीसी ने किसानों से अपील की है कि वे अपने अनाज को तय मानकों के अनुसार सूखाकर ही मंडियों में लेकर आएं, ताकि उनकी उपज बिना किसी रुकावट के खरीदी जा सके।

## बहादुरगढ़ : नहीं आई गेहूं की फसल 763 क्विंटल सरसों की हुई खरीदी



**बहादुरगढ़।** सरकार के आदेशों के चलते मंगलवार को गेहूं की खरीद होनी थी लेकिन बहादुरगढ़ में यह प्रक्रिया चालू नहीं हो सकी। किसान गेहूं की फसल लेकर नहीं आए। वहीं, दूसरी तरफ सरसों की खरीद और उठान जारी है। बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में बीते कुछ दिनों से सरसों की खरीद चल रही है। मंगलवार को 44 गेट पास कटे और 763 क्विंटल फसल आई। कुल 1245 क्विंटल की सरकारी खरीद हो सकी। अब तक यहां 5746.80 क्विंटल फसल आ चुकी है। जिसमें से 4738 क्विंटल खरीदी जा चुकी है। मंगलवार को 500 क्विंटल फसल का उठान हुआ। उठान प्रक्रिया थोड़ी धीमी है। उधर, बहादुरगढ़ के अलावा आसौदा की मंडी में गेहूं की खरीद होती है। मंगलवार से गेहूं खरीने के आदेश सरकार जारी कर चुकी है। अधिकारियों ने अपने स्तर पर तैयारी की लेकिन मंगलवार दोपहर तक कोई भी किसान अपनी फसल लेकर नहीं पहुंचा। दोनों ही मंडियों में एक भी गेट पास नहीं कटा।

# बहादुरगढ़ की तरफ से झज्जर रोड का निर्माण हुआ शुरू

■ विधायक जून बोले- सड़क बनने से लोगों को होगी सुविधा



बहादुरगढ़। नूना माजरा में सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाते विधायक राजेश जून।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जिला मुख्यालय का सफर जल्द सुगम होने जा रहा है। विधायक राजेश जून ने मंगलवार को बहादुरगढ़ के नूना माजरा की तरफ से झज्जर रोड का निर्माण कार्य शुरू करवाया। उन्होंने कहा कि हलके की तमाम समस्याओं का समाधान तेज गति से किया जा रहा है। विकास कार्यों में अब तक पिछड़ा बहादुरगढ़ अगले 5 वर्ष में विकास के मामले में नंबर वन होगा। विधायक राजेश जून ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर अपनी मौजूदगी में झज्जर रोड का निर्माण कार्य बहादुरगढ़ की तरफ से शुरू करवाया। जून ने कहा कि पिछले कई वर्षों से बहादुरगढ़-झज्जर रोड टूटा हुआ था। आमजन को सड़क से आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब इस सड़क का निर्माण कार्य का नूना माजरा की तरफ से भी शुरू हो गया है। पूरी सड़क बनने से लोगों को सुविधा होगी।

### अधिकारी निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर नजर रखें : जून

उन्होंने कहा कि निर्माण सामग्री पर अधिकारी अपनी नजर बनाए रखें। जून ने कहा कि बहादुरगढ़ हलके की सभी टूटी हुई सड़कों को नई बनवाने के साथ ही आमजन से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान करवाया जा रहा है।






# पायरेसी सम्राट बन मुनव्वर फारुकी ने मचाया धमाल...

**मुंबई।** मुनव्वर फारुकी और क्रिस्टल डिसूजा अभिनीत फिल्म 'फर्स्ट कॉपी'का टीजर रिलीज कर दिया गया है। सिनेमा की दुनिया में कदम रख रहे मुनव्वर इस फिल्म में एक पायरेसी मास्टर की भूमिका अदा कर रहे हैं। लीक फिल्मों के कारणों को फिल्म में दिखाया जाएगा। यह फिल्म दर्शकों को एक रोमांच का अनुभव कराती नजर आ रही है। मुनव्वर फारुकी अपनी आगामी फिल्म 'फर्स्ट कॉपी' से सिनेमा की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसका टीजर आपको 90 के दशक में ले जाता है, जहां आरिफ के किरदार में मुनव्वर फारुकी फिल्म उद्योग में पायरेसी दुनिया का मास्टरमाइंड बन जाता है।

## लाइफ Style

# तमन्ना
## 'रेड 2' में करेंगी आइटम नंबर

एजेंसी ⏭ मुंबई

'रेड 2' अपने ऐलान के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख के साथ-साथ 'रेड 2' के कलाकारों के भी लुक साझा किए थे। फिल्म के टीजर ने भी दर्शकों के बीच काफी उत्साह पैदा किया था, जिसके बाद से दर्शकों को बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार है।

इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। रेड 2 में सीधे-सादे आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। निर्माता एक खास प्रमोशनल नंबर के साथ इसे और भी मसालेदार बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, तमन्ना भाटिया को रैपर यो यो हनी सिंह के साथ एक हाई-एनर्जी डांस ट्रैक के लिए साइन किया गया है। विजय गांगुली द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना इस सप्ताह मुंबई के एक स्टूडियो में दो दिनों में फिल्माया जाएगा। यह गाना एक स्टैंडअलोन पोस्ट-क्रेडिट के रूप में काम करेगा। हालांकि, अजय और तमन्ना इस ट्रैक में स्क्रीन स्पेस साझा नहीं करेंगे। बता दें कि अजय और तमन्ना इससे पहले ही 'रेंजर' पर एक साथ काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मिशन मंगल के जगन शक्ति ने किया है। उम्मीद है कि इस नंबर की शूटिंग खत्म होने के बाद तमन्ना 'रेंजर' के सेट पर शामिल होंगी। राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित और रितेश शाह, करण व्यास और जयदीप यादव सहित और टीम द्वारा लिखित रेड 2 अमय पटनायक की 75वीं छापेमारी पर आधारित है। इस बार छापमारी दादा भाई नाम के एक शक्तिशाली टाइकून के खिलाफ होगी, जिसका किरदार रितेश देशमुख ने निभाया है।



## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर मैनः 'ब्रांड न्यू डे' की घोषणा...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'स्पाइडर मैन' की अभी तक तीन फिल्में सिनेमाघरों में धमाल मचा चुकी हैं। पीटर पार्कर के किरदार से सभी दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुके टॉम हॉलैंड की आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैन 4' की आधिकारिक घोषणा मंगलवार को हुई। 'स्पाइडर मैन 4' का नाम 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' घोषित किया गया है। सोनी पिक्चर्स ने एक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, ''मार्वल स्टूडियोज 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे', 31 जुलाई 2026 को रिलीज होगी।



# प्रेस कॉन्फ्रेंस में रो पड़ा किम सू ह्यून...

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिण कोरियाई अभिनेता किम सू ह्यून और दिवंगत अभिनेत्री किम से रॉन के रिश्ते और उनके पर्सनल चैट सामने आने के बाद अभिनेता लगातार विवादों में घिरे हुए हैं। अभिनेता किम सू ह्यून पर आरोप हैं कि वो किम से रॉन के साथ जब रिलेशन में थे, तब अभिनेत्री नाबालिग थीं। किम से रॉन के परिवार ने अभिनेत्री की मौत के बाद दोनों की चैट वायरल की थी, जिसमें दोनों की प्राइवेट बातें थीं। उस चैट के सामने आने के बाद इस बात की और भी पुष्टि हो रही थी कि अभिनेत्री उस समय नाबालिग थीं। अब इस पूरे मामले पर अभिनेता किम सू ह्यून ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में किम सू ह्यून भावुक नजर आए और रोने लगे।



# 'चांद मेरा दिल' में आएंगी नजर...

**मुंबई।** पिछले साल नवंबर में फिल्म निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया था कि अनन्या रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' में 'किल' अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ नजर आएंगी। विवेक सोनी के निर्देशन में बनी रोमांटिक-कॉमेडी साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के अलावा अनन्या 'केसरी चैप्टर 2' में भी नजर आएंगी। फिल्म में अनन्या के अलावा अक्षय कुमार और आर. माधवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, हाल ही में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुंबई में आईपीएल मैच हुआ। मैच की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री और चंकी पांडे की बेटी अनन्या ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से वहां पर मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया।



# वाणी से फ्लर्ट करते दिखे फवाद...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'अबीर गुलाल' का टीजर पोस्ट किया है। इस टीजर में फवाद खान और अभिनेत्री बारिश के मौसम में एक कार में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में फवाद एक पुरानी फिल्म '1942ः अ लव स्टोरी' का एक गाना 'कुछ ना कहो' गाते दिख रहे हैं, जिसके बाद वाणी ने अभिनेता से सवाल किया कि क्या वह फ्लर्ट कर रहे हैं, तो अभिनेता ने कहा कि आप क्या चाहती हैं कि वह करें। इस वीडियो को पोस्ट करते समय वाणी ने कैप्शन में लिखा कि इंतजार खत्म। साथ ही लिखा कि 9 मई को सिनेमाघरों में मिलते हैं। आरती एस बागड़ी के निर्देशन में इस फिल्म को बनाया जा रहा है। इस फिल्म को ए रिचर लेंस के बैनर तले तैयार किया जा रहा है, जिसमे आरजय पिक्चर्स का सहयोग है।

## टीवी मसाला



# एकता कपूर ने 'नागिन 7' पर लगाई मुहर...

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने अपने प्रसिद्ध 'नागिन' सीरियल के सातवें सीजन की पुष्टि आधिकारिक तौर पर कर दी है। एकता ने 'नागिन 7' को लेकर एर दिलचस्प जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया है। एकता ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, 'नागिन 7 जल्द आएगा, बहुत जल्द।' 'नागिन 7' में इस बार ईशा मालवीय नागिन के रोल में नजर आ सकती हैं। 'उडारियां' और 'बिग बॉस 17' से प्रसिद्ध हुईं ईशा अगर 'नागिन 7' में आती हैं, तो यह उनके कॅरियर के लिए काफी बड़ी उपलब्धि होगी। एकता कपूर के प्रसिद्ध नागिन सीरियल का पहला सीजन 2015 में शुरू हुआ था, जिसमें मौनी रॉय, अदा खान और अर्जुन बिजलानी ने अपने शानदार अभिनय से दर्शको का दिल जीता था। पहले सीजन की सफलता के बाद इसके अभी तक छह सीजन आ चुके हैं। अब प्रशंसकों को 'नागिन 7' के आने का इंतजार है। 'नागिन' टीवी सीरियल ने कई चेहरो को फैंस के बीच खास बनाया, जिनमें मौनी रॉय से लेकर हिना खान, अदा खान, सुरभि ज्योति, सुरभि चंदना, तेजस्वी प्रकाश और रश्मि देसाई शामिल हैं। बहरहाल, फैंस को अब 'नागिन 7' के आने का बेसब्री से इंतजार है।

## 'ये रिश्ता क्या...' में रोहित की होगी मौत

**नई दिल्ली।** ये रिश्ता क्या कहलाता है टीवी के पॉपुलर शोज में से एक हैं, जिसमें कई बार लीप आ चुका है। वहीं, अब चौथी पीढ़ी के साथ समृद्धि शुक्ला और रोहित पुरोहित अबीरा और अरमान की कहानी से दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं। लेटेस्ट ट्रैक में अबीरा और अरमान पेरेंट्स बनना चाहते हैं। लेकिन, वह कंसीव नहीं कर पा रहे हैं, जिसके चलते वह रुही से सरोगेट बनने के लिए कहते हैं और वह मान जाती है। लेकिन, इन सब में अब नया ट्विस्ट आना बाकी है, जिसकी झलक लेटेस्ट प्रोमो में देखने को मिली है। अरमान को एक कॉल आता है और उसे चौंकाने वाली खबर मिलती है। इसके बाद पता चलता है कि रोहित की मौत हो गई है। वहीं, अरमान रोहित से किया वादा याद करता है कि वह रुही और दक्ष का उसके जाने के बाद ख्याल रखेगा। प्रोमो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, एक हादसे ने बदल दी अबीरा-अरमान की जिंदगी।



# 92 साल पहले इस एक्ट्रेस पर फिल्माया गया था सबसे लंबा किसिंग सीन...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में अब किसिंग और इंटीमेट सीन आम हो चुके हैं। शाहरुख खान, आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन की फिल्में छोड़ दें तो तकरीबन सभी एक्टर्स फिल्मों में बिना किसिंग सीन के नजर ही नहीं आते हैं। बॉलीवुड अपनी इंटीमेट फिल्मों की वजह से बदनाम भी है, लेकिन हिंदी सिनेमा में किसिंग सीन कोई नई बात नहीं है। 92 साल पहले रिलीज हुई इस फिल्म के उस किसिंग सीन को सबसे लंबा माना जाता है, जिसमें एक्ट्रेस देविका रानी ने 30-40 के दशक में अपने को-स्टार संग तहलका मचा दिया था। देविका रानी भारत की पहली सुपरस्टार बनीं और उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री पर एक दशक तक राज किया।



***कितने मिनट का था किसिंग सीन :*** देविका रानी अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों ही लाइफ से चर्चा में रहती थीं। साल 1933 में रिलीज हुई फिल्म 'कर्मा' में उनके किसिंग सीन ने हंगामा मचा दिया था। फिल्म कर्मा का यह किसिंग सीन देविका और हिमांशु रॉय के बीच फिल्माया गया था। फिल्म में दोनों को राजकुमार-राजकुमारी के रोल में देखा गया था। इस सीन में राजकुमार को सांप काट लेता है और वह बेहोश हो जाते हैं और राजकुमारी उन्हें होश में लाने के लिए उनके होठों पर चुंबन करती हैं, यह सीन कोई रोमांटिक सीन नहीं था। कहा जाता है कि यह किसिंग सीन 4 मिनट लंबा था, लेकिन सच यह नहीं है।

***फिल्म में क्यों डाला गया किसिंग सीन?:*** लंदन में शूट हुई इस फिल्म का रनटाइम 63 मिनट का था। फिल्म का निर्देशन जे एल फ्रीयर हंट ने किया था और यह फिल्म ब्रिटिश राज में बनी थी, तो पश्चिमी दर्शकों को देखते हुए यह किसिंग सीन डाला गया था। किश्वर देसाई की किताब 'द लॉन्गेस्ट किसः द लाइफ एंड टाइम्स ऑफ देविका रानी' (2020) के मुताबिक, देविका और हिमांशु की इस फिल्म के दौरान नई-नई शादी हुई थी और इस तरह का सीन करना उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं थी। किताब के मुताबिक यह किसिंग सीन 4 नहीं, बल्कि 2 मिनट लंबा था।

# तिब्बत से आई थी ये एक्ट्रेस, बॉलीवुड ने दिया नाम और बन गई सुपरस्टार...

**नई दिल्ली।** तकदीर किसे कहां से कहां ले जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। बॉलीवुड में भी एक ऐसे ही लेजेंड्री एक्ट्रेस रहीं। जिनकी जिंदगी घूमते घूमते उन्हें इस ग्लैमर से भरी दुनिया में लेकर आ गई। इस एक्ट्रेस की जिंदगी शुरू हुई तिब्बत से, स्कूली पढ़ाई हुई दार्जिलिंग से और फिर माया नगरी के बुलावे पर तकदीर मुंबई ले आई। जहां उनकी पहचान बनी एक्ट्रेस लतिका के रूप में, जिन्होंने बीटाउन के बड़े-बड़े डायरेक्टर और एक्टर्स के साथ काम किया।



### एक्ट्रेस का सफर

ऑस्ट्रेलियाई पिता और तिब्बती मूल की लतिका का असल नाम हूंगू लामू था। लतिका जब बहुत छोटी थीं तब ही उनके पिता चल बसे। मां ने दूसरी शादी की तो लतिका को अनाथ आश्रम जाना पड़ा। जिसे एक स्कॉटिश मिशनरी संचालित करती थी। उसमें दाखिले के लिए लतिका को ईसाई बनना पड़ा। बाद में सौतेले पिता का ट्रांसफर मुंबई हुआ तो लतिका भी उनके साथ ही मुंबई आ गई। इस तरह लतिका ने पहली बार मुंबई में कदम रखा। जहां से उनकी तकदीर बदलने वाली थी।

### इस तरह मिला फिल्मों में काम

लतिका जहां रहा करती थीं वहां उनके पड़ोस में एक कथक डांसर रहती थीं। उन्हें देखकर लतिका की भी फिल्मों में काम करने की इच्छा जागी। एक दिन उस कत्थक डांसर के साथ वो मिनर्वा स्टूडियो पहुंची। जहां उन पर सोहराब मोदी की नजर पड़ी। उन्होंने लतिका को यही नाम यानी कि लतिका नाम दिया और साल 1944 में रिलीज हुई फिल्म परख में काम करने का मौका भी दिया। इस दौरान लतिका ने गोपीनाथ नाम की फिल्म में राज कपूर और जुगनू में दिलीप कुमार जैसे दिग्गज स्टार्स के साथ भी काम किया। 1944 से 1949 तक लतिका ने कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग के जौहर दिखाए। साल 1949 में उन्होंने मशहूर कॉमेडी एक्टर गोप से लव मैरिज की और फिल्मों को अलविदा कह दिया।

## 48 साल पहले 1 करोड़ रुपए में बनी और बंपर की कमाई

# बाहुबली -2 भी नहीं तोड़ पाई अमिताभ की इस फिल्म का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बाहुबली-2 28 अप्रैल, 2017 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस भारतीय फिल्म ने 1,810 करोड़ रुपए की कमाई करके अब तक का सबसे ज्यादा वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है। हालांकि, यह फिल्म 1030.42 करोड़ रुपए के साथ भारत के नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में दूसरे स्थान पर है। लेकिन, अमिताभ बच्चन की जिस फिल्म पर सवाल उठ रहे हैं, वो 48 साल पहले बनी थी और इसने बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।

*अमिताभ बच्चन ने हमें शोले, जंजीर, दीवार जैसी कई रिकॉर्ड तोड़ने वाली फिल्में दी हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस ए-लिस्ट अभिनेता की एक फिल्म ऐसी है जो आज भी सभी हिट फिल्मों को पीछे छोड़ रही है? बच्चन 1969 से अभिनय जगत में हैं और इस लंबे कॅरियर में उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। लेकिन, उनकी एक फिल्म ऐसी है जो आज भी प्रभास की बाहुबली 2 के सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है।*



### निवेश से 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया

अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफ़िस पर 7.25 करोड़ रुपए और दुनिया भर के बॉक्स ऑफ़िस पर 15 करोड़ रुपए कमाए। दरअसल, अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर इनवेस्ट की गई राशि से 7 गुना (बढ़ा हुआ) और दुनिया भर में निवेश की गई राशि से लगभग 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया। वहीं, बाहुबली के साथ अमर अकबर एंथनी की तुलना करें तो, प्रभास की फिल्म कथित तौर पर 250 करोड़ रुपए के बजट पर बनी है। इसलिए, इसने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का लगभग 5.7 गुना ही कमाया, जबकि दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का केवल 10 गुना ही कमाया। ऐसे में 48 साल पहले सिनेमाघरों में आई अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी अभी भी अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बाहुबली 2 से आगे है।



### तीन भाइयों की कहानी पर है आधारित

हम यहां अमर अकबर एंथनी के बारे में बात कर रहे हैं। यह फिल्म तीन भाइयों की कहानी पर आधारित है, जो अलग-अलग धार्मिक परिवारों में पले-बढ़े हैं, जो कई सालों बाद एक संयोगवश मुलाकात में फिर से मिलते हैं। बिग बी, विनोद खन्ना, ऋषि कपूर, शबाना आजमी, परवीन बॉबी और नीतू सिंह स्टारर अमर अकबर एंथनी अपनी रिलीज के समय एक बड़ी सफल फिल्म थी। बच्चन स्टारर फिल्म 1977 में रिलीज हुई थी. रिपोर्ट्स के अनुसार, अमर अकबर एंथनी को 1 करोड़ रुपए के अनुमानित बजट पर बनाया गया था। इस फिल्म को ईएमडीबी द्वारा 7.4/10 रेटिंग, रॉटन टोमेटोज़ द्वारा 86% और प्राइम वीडियो द्वारा 7.4/10 रेटिंग मिली।

## खबर संक्षेप



झज्जर। अपने पिता के साथ एमबीए की डिग्री दिखाते हुए अंकित कप्तान बिरधाना। फोटो :हरिभूमि

### अंकित को मिली एमबीए की उपाधि

**झज्जर।** जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना के पुत्र अंकित कप्तान बिरधाना ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ से एमबीए की डिग्री प्राप्त की है। कप्तान बिरधाना ने बताया कि लखनऊ भारत के शीर्ष चार प्रबंधन संस्थानों में शामिल है। यहां से स्नातक होना देश-विदेश के लाखों छात्रों का सपना होता है। यह संस्थान अपने उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षा मानकों, कठोर प्रतिस्पर्धा और व्यावसायिक नेतृत्व विकास के लिए प्रसिद्ध है। इस संस्थान से एमबीए की डिग्री प्राप्त करना न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह क्षेत्र व जिले के लिए भी गर्व का विषय है।

### मेन बाजार पाठशाला में भी हुआ कार्यक्रम

**बहादुरगढ़।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला मेन बाजार में भी मंगलवार को प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्कूल हेड मुकेश ने पांचवी पास करने वाले सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। टॉपर बच्चों को इनाम दिया गया।

## विद्यार्थियों के स्वागत के लिए स्कूल ने खास तैयारियां और सजावट की

# मंत्रोचारण के साथ नए सत्र की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल में एक अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत की गई। विद्यार्थियों के स्वागत के लिए स्कूल ने खास तैयारियां और सजावट की गई। मंत्रोच्चारण के साथ नए सत्र का शुभारंभ किया गया।

हवन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जेल अधीक्षक जय किशन छिल्लर और उनकी धर्मपत्नी सत्यवती थी। इसके अतिरिक्त स्कूल संचालक अभिषेक छिल्लर, प्रिंसिपल किशोर कुमार शर्मा, अध्यापकगण और विद्यार्थी शामिल हुए। स्कूल संचालक अभिषेक छिल्लर ने सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों को नए सत्र की शुरुआत की बधाई दी। नए सत्र में आने वाले सभी विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की।

■ स्कूल संचालक अभिषेक छिल्लर ने सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों को नए सत्र की शुरुआत की बधाई दी

सभी को प्रसाद वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दोनों ही कर्म से किसी भी नए कार्य की शुरुआत के लिए हवन किया जाता है। यह शुरुआत तो विद्यार्थियों के भविष्य की है।



बहादुरगढ़। नव सत्र के उपलक्ष्य में किया जा रहा हवन। फोटो :हरिभूमि



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में प्रिंसिपल, शिक्षकों व अभिभावकों के संग बच्चे।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**बहादुरगढ़।** श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में ग्रेजुएशन डे समारोह उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल ललिता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनकी मेहनत की सराहना की। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रिंसिपल ललिता ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं हैं। बल्कि यह व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास का माध्यम है। उन्होंने छात्रों को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी।

### वार्षिक परिणाम किया घोषित

**बहादुरगढ़।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बहादुरगढ़ में प्रवेश उत्सव मनाया गया। उप प्रधानाचार्य ऋषि सहरावत ने एसएमसी प्रधान विनोद सैनी और उप प्रधान सोनू की अध्यक्षता में विभिन्न कक्षाओं के वार्षिक परिणाम घोषित किए। टॉपरों को सम्मानित किया गया। कक्षा छठी से आठवीं की इंचार्ज पूनम मलिक ने भी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान हवन में भाग लेते हुए शिक्षक, विद्यार्थी एवं अन्य।

### प्रवेश उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रूचि जागृत करना : डीईओ

**झज्जर।** जिले के सभी राजकीय स्कूलों में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्कूलों में विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों ने विभिन्न स्कूलों का दौरा कर कार्यक्रम की निगरानी की। विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने कहा कि प्रवेश उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि जगाना और उनकी प्रतिभा को निखारना है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि विभागीय निर्देशानुसार प्रवेश उत्सव के गतिविधियां संचालित करते हुए राजकीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के प्रयास करें। वहीं डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने कहा कि निपुण कार्यकम प्राथमिक विद्यालयों में सुधार के लिए मील का पत्थर साबित होगा। क्योंकि इस कार्यकम के द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जा रहा है और अध्यापकों के नवाचारी कदमों और अभिभावकों के भागीदारी से विद्यार्थियों में बहुत सुधार हो रहा है।



बहादुरगढ़। प्रवेश उत्सव में मौजूद स्कूल के अध्यापक। फोटो :हरिभूमि



बहादुरगढ़। टॉपर छात्रा को सम्मानित करती अनिता कौशिक। फोटो :हरिभूमि

### बालौर स्कूल में भी मनाया प्रवेश उत्सव

**बहादुरगढ़।** गांव बालौर के शहीद शेर सिंह राजकीय उच्च विद्यालय में भी प्रवेश उत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। छठी से नवीं कक्षा तक अदिति, हर्षिता, रानी व मानसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनिता गुलिया ने नशे से दूर रहने की अपील की। मुख्याध्यापिका अनिता कौशिक ने सरकारी स्कीमों एवं छात्रवृत्ति के बारे में बताया। इस मौके पर प्रतिभा, रेनू कालरा, एसएमसी प्रधान गुलशन, उपप्रधान रवींद्र, ममता व पूनम आदि मौजूद रहे।

### नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर करवाया हवन



**झज्जर।** एमआर स्कूल हसनपुर में नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ अवसर पर हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हवन के दौरान विद्यालय निदेशक सोमबीर कोडान, निदेशिका संगीता कोडान, प्राचार्या नेहा शर्मा, उपनिदेशक सुभाष यादव ने विद्यालय स्टॉफ व विद्यार्थियों के साथ हवन में आहुति डालते हुए सर्व मंगल की कामना की। संस्कृत प्राध्यापक पूनमचंद व सुभाष शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ संपन्न कराया। निदेशक सोमबीर कोडान ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति में यज्ञ के महत्व बारे जानकारी दी। मां सरस्वती की कृपा सब पर बनी रहे और पूरे वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भरने के उद्देश्य से यज्ञ कराया जाता है। यज्ञ के समापन पर विद्यालय प्राचार्या नेहा शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को विद्यालय के सभी क्रियाकलापों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### कन्या पूजन के साथ किया नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में मंगलवार को एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके उपरांत कन्या पूजन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा एवं हेमन्त गुलिया ने विद्यार्थियों के साथ हवन में आहुति डालकर सुख-समृद्धि की कामना की। डायरेक्टर रमेश गुलिया ने पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को सामाजिक संस्कारों से अवगत कराते हुए उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने नए सत्र से दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराते हुए बताया कि विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए तीन एकड़ भूमि पर नया खेल मैदान तैयार कराया गया। इसी सत्र से नए बास्केटबॉल कोच की नियुक्ति कर इस खेल को भी शुरू किया जा रहा है।



झज्जर। होनहार खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कोच पवन। फोटो :हरिभूमि

### स्टेट चैंपियनशिप में दो खिलाड़ियों ने हासिल किए तीन मेडल, किया सम्मान

**झज्जर।** हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार में आयोजित स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जिले के दो खिलाड़ियों ने तीन पदक जीत कर जिले का गौरव बढ़ाया है। एथलेटिक्स कोच पवन कुमार ने बताया कि बीती 29 से 30 मार्च तक गिरी सेंटर में चली इस चैंपियनशिप में भदानी गांव के संकेत ने 800 मीटर व 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि जाहिदपुर के राहुल ने 10 किलोमीटर दौड़ में सिल्वर मेडल हासिल किया। दोनों होनहार खिलाड़ी अब केरला के कोच्चि में 21 अप्रैल से शुरू होने वाली 28वीं सीनियर नेशनल फैडरेशन चैंपियनशिप हरियाणा एथलेटिक्स टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि दोनों खिलाड़ी तलाव गांव के श्रीराजीव गांधी खेल परिसर में नियमित अभ्यास करते हैं। स्टेडियम पहुंचने पर कोच पवन कुमार द्वारा उन्हें मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया गया। वहीं साथी खिलाड़ियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान राकेश चाहार उर्फ बिट्टू, सोनू तलाव, एएसआई राजबीर सिंह, श्रीकृष्ण तलाव, ग्राउंडमैन रवि, सतेंद्र तलाव सहित अन्य भी मौजूद रहे।



### बीआरजी ने बेंगलुरु में भी रचा इतिहास

**बहादुरगढ़।** बेंगलुरु में आयोजित 24 घंटे स्टेडियम रन में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। साथ ही फ्रांस में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। एनईबी स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित मैराथन में बीआरजी के 8 अल्ट्रारनर्स ट्रेक पर उतरे। दीपक छिल्लर ने बताया कि यह ट्रायल आगामी विश्व चैम्पियनशिप के लिए भारतीय पुरुष व महिला टीम के चयन के लिए आयोजित किया गया था। इसमें बादल तेवतिया ने 217 किलोमीटर दौड़कर चौथा स्थान प्राप्त किया। कर्नल कृष्ण बधवार ने 55 प्लस आयुवर्ग में 197 किलोमीटर की दौड़ पूरी की। प्रवीन कुमार सांगवान ने 175.1 किलोमीटर दौड़ लगाई। मुकेश कुमारी ने 173 किलोमीटर दौड़ते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। सिकंदर लांबा ने नंगे पैर 134 किलोमीटर की दौड़ पूरी की। इसके अलावा 12 घंटे की स्टेडियम रन में नरेंद्र जांगड़ा ने 108 किलोमीटर दौड़कर चौथा स्थान प्राप्त किया। रामबीर सिंह ने 106 किलोमीटर दौड़कर 5वां स्थान प्राप्त किया। जबकि 100 किलोमीटर दौड़ गुलाब सिंह ने 10 घंटे 54 मिनट में पूरी कर चौथा स्थान प्राप्त किया। बीआरजी के धावकों के लिए मोनू मीणा, आयुष और प्रदीप यादव ने क्रू मेंबर्स के रूप में अहम भूमिका निभाई। बीआरजी के धावक अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्राध्यापकों ने किया सांकेतिक प्रदर्शन

**झज्जर।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति के आह्वान पर ऑल हरियाणा गवर्नमेंट कॉलेज टीचर एसोसिएशन से संबंधित राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने एक अप्रैल से लागू होने जा रही यूनिफाइड पेंशन स्कीम खिलाफ सांकेतिक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रधान डॉक्टर श्रीकृष्ण दूहन ने की। प्राध्यापकों ने ब्लैक बैज लगाकर महाविद्यालय के मुख्य द्वार के सामने खड़े होकर सरकार विरोधी नारे लगाए। लोकल यूनिट के महासचिव प्रदीप यादव ने बताया कि पूरे देश के शिक्षकों को ओपीएस का कोई भी विकल्प मंजूर नहीं है। नई योजना यूपीएस कर्मचारी विरोधी है क्योंकि इसमें पेंशन के लिए क्वालीफाइंग सर्विस की सीमा को 20 से बढ़ाकर 25 वर्ष कर दिया गया है। साथ ही इसमें न तो सेवानिवृत्ति पर मिलने वाली ग्रेच्युटी की राशि को लेकर कोई स्थिति स्पष्ट की गई है और न ही इसमें सेवा के दौरान कर्मचारी के अंशदान का सेवानिवृत्ति के बाद भुगतान का कोई प्रावधान है। प्रदर्शन में शामिल सभी प्राध्यापकों ने एक सुर में सरकार से एनपीएस को वापस लेने और ओपीएस को बहाल करने की अपील की।





बहादुरगढ़। ब्रह्मकुमारियों को अध्यात्म का प्रशिक्षण देते बीके आत्मप्रकाश।

### आध्यात्मिक उन्नति का प्रशिक्षण दिया

**बहादुरगढ़।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर-2 व सेक्टर-13 सेवाकेंद्र पर माउंट आबू से पधारे राजयोगी ब्रह्माकुमार आत्मप्रकाश ने विशेष आध्यात्मिक उन्नति एवं राजयोग पर गहन प्रशिक्षण दिया। इस दौरान उन्होंने योगाभ्यास के गहरे रहस्य समझाए। बीके आत्मप्रकाश ने बताया कि फरिश्ता वही होता है, जो हल्का और देह-अभिमान से मुक्त रहता है। उन्होंने कहा कि जब हम हिम्मत का एक कदम बढ़ाते हैं, तो परमात्मा की मदद के अनेक कदम अनुभव होते हैं। उन्होंने इस दिव्य स्थिति को अनुभव करने के लिए विशेष योगाभ्यास कराए, जिससे सभी नेशांति और शक्ति की गहराई को महसूस किया। बहादुरगढ़ ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र की मुख्य संचालिका बीके अंजलि दीदी ने बताया कि सच्ची आध्यात्मिक प्रगति तभी संभव है, जब हम परमात्मा से सच्चा संबंध जोड़कर अपने भीतर दिव्यता का प्रकाश भरें। बीके विनीता दीदी और बीके रेणु दीदी ने कहा कि ऐसी तपस्वी महान आत्मा के अनुभव सुनना, आत्मा के लिए ऊर्जा का कार्य करता है। उन्होंने सभी से राजयोग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जानवी और नव्या द्वारा सुंदर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। अंत में प्रभु प्रसाद वितरित किया गया।

### दांतों की रखवाली करना व्यक्ति का कर्त्तव्य : डॉक्टर नरेश दहिया

**झज्जर।** मंगलवार को नागरिक अस्पताल में ओरल हेल्थ महीने के अंतर्गत आमजन को दांतों की देखभाल व नियमित साफ-सफाई के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में एमएस डॉक्टर नरेश दहिया ने कहा कि कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचने के लिए चिकित्सक से समय-समय पर सलाह लेनी चाहिए ताकि स्वस्थ रहें। उन्होंने लोगों को ओरल हेल्थ बारे जागरूक करते हुए नशे जैसी बुरी आदतों से दूर करने के लिए प्रेरित किया। सीनियर डेंटल सर्जन डॉक्टर इंदिरा धनखड़ ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से एम्स बाढ़सा से कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर ज्योति, डेंटल सर्जन डॉक्टर परवीन, डेंटल सर्जन डॉक्टर पूजा, कार्यकर्ता शीतल व नर्सिंग ऑफिसर मीनू द्वारा ओरल हेल्थ कैंसर, दंत चिकित्सा, ब्रश करने एवं आवश्यक सावधानियां बरतने के लिए जागरूक किया गया।



झज्जर। आमजन को दांतों की देखभाल व नशे से दूर रहने संबंधी शपथ दिलाते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

## एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आयोजित सेमिनार में बुद्धिजीवियों ने रखी राय

**झज्जर।** मंगलवार दोपहर बाद स्थानीय संवाद भवन में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा स्टॉफ सलेक्शन कमीशन के पूर्व सदस्य प्रदीप जैन ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की जबकि एक राष्ट्र एक चुनाव प्रदेश टीम सदस्य एडवोकेट राजकुमार कटारिया, कार्यक्रम के जिला संयोजक नितिन बंसल सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े बुद्धिजीवी लोग उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओं ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर अपने विचार रखें और इससे होने वाले फायदे और नुकसान के बारें में बताया। वक्ताओं ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव का अर्थ अलग-अलग और निरंतर चुनावों के बजाय लोकसभा और विधानसभा के लिए एक साथ चुनाव कराने के विचार से है। यह विचार भारत में चुनाव प्रक्रिया को अधिक कुशल और प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण है और इससे समय, धन और एनर्जी तीनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि अब देखा जाता है कि किसी न किसी वर्ष कोई न कोई चुनाव आता रहता है।



झज्जर। दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य वक्ता प्रदीप जैन व राजकुमार कटारिया। फोटो :हरिभूमि

#### मौके पर ये मौजूद रहे

इस दौरान डॉक्टर राकेश गर्ग, डॉक्टर रवीन आहूजा, बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट दीपक गोयल, सेवानिवृत प्राचार्य एचएस यादव, सेवानिवृत प्राचार्य डॉक्टर एसएन शर्मा, एडवोकेट बिजेंद्र रंगा, नीलम अहलावत, आनंद सागर, एडवोकेट राफफल सैनी, रत्न सागर, प्रमोद बंसल, जोगेंद्र अहलावत, एडवोकेट मुकेश नागपाल, भारत भूषण वर्मा, एडवोकेट संदीप चौहान, बिट्टू छाबड़ा, पूर्व चेयरमैन ईश्वर शर्मा, गुलशन शर्मा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### कानोंदा स्कूल में भी हुआ कार्यक्रम



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित कानोंदा स्कूल के विद्यार्थी व स्टॉफ। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** मंगलवार को गांव कानोंदा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में परिणाम घोषित किया गया। लडरावन स्कूल के प्रधानाचार्य रवि धनखड़, एसएमसी सदस्य जगबीर मेहरा, सुरेश वर्मा, प्रमिला वशिष्ठ आदि ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। टॉपर छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य सरोज देवी ने पुरस्कृत करते हुए आशीर्वाद दिया।

### गर्ल्स स्कूल में भी हुआ हवन



बहादुरगढ़। हवन में आहुति डालती छात्राएं व स्टॉफ।

**बहादुरगढ़।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को नए शैक्षिक सत्र व प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्राचार्य प्रवीन की अध्यक्षता में हवन हुआ। कन्या गुरुकुल की छात्राओं के साथ स्कूल छात्राओं ने भी इस यज्ञ में आहुति डालकर नए संकल्पों के साथ अपने नए शैक्षिक सत्र की शुरूआत की। एसएमसी समिति लक्ष्मी व रिंकिता को भी सम्मानित किया गया।

### एसडीएम ने मेला में लिया सफाई व्यवस्था का जायजा



बेरी। मेला परिसर में सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

**बेरी।** मंगलवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने माता भीमेश्वरी देवी के दर्शन कर मेले से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मेला परिसर में स्थित ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेले के दिनों में मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जाए तथा श्रद्धालुओं के लिए अस्थाई व मोबाइल शौचालयों तथा पेयजल आदि की पूरी व्यवस्था उपलब्ध रहे। उन्होंने मेले में सफाई व्यवस्था बनाएं रखने के लिए सभी कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए। साथ ही सभी श्रद्धालुओं का आह्वान करते हुए मेला परिसर में सफाई व्यवस्था बनाएं रखने की अपील की।

### हवन में आहुति डालकर की सर्व मंगल की कामन



झज्जर। शिक्षकों के साथ हवन में आहुति डालते हुए निदेशक बिजेंद्र कादियान। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल में मंगलवार को नए सत्र की शुरुआत हवन के साथ की गई। पंडित पंकज भारद्वाज के नेतृत्व में आयोजित हवन कार्यक्रम में स्कूल संचालक बिजेंद्र कादियान एवं बबीता कादियान ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। उन्होंने शिक्षकों के साथ हवन में पूर्ण आहुति डालते हुए सर्व मंगल की कामना की। स्कूल प्रबंध निदेशक मोहित कादियान ने बताया कि प्रतिवर्ष नए सत्र की शुरुआत हवन कार्यक्रम के साथ ही की जाती है। स्कूल प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार सोनी ने बताया कि हवन कार्यक्रम का उद्देश्य, समाज में सुख-शांति व भाईचारे की भावना को बढ़ाना वसाथ ही स्कूल प्रांगण का शुद्धिकरण रहा। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रबंधन ने नए सत्र के संचालन की पूरी तैयारी कर ली है। सभी विद्यार्थियों को कम फीस में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना उनके संस्थान का उद्देश्य है। इस मौके पर नरेश कुमार, संजय, गौरव, इंदू, नीलम, श्रूति, सुमन, अंकुश, निधि, ममता, मुकेश, सोनी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### परनाला में सफाई अभियान शुरू



**बहादुरगढ़।** स्वच्छ एवं स्वस्थ परनाला के संकल्पों के साथ मंगलवार से गांव में सफाई का विशेष अभियान शुरू किया गया। विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत सरपंच एसोसिएशन बहादुरगढ़ के प्रधान अशोक राठी ने की। सफाई अभियान के दौरान नालियों, सड़कों व जगह-जगह जमे कूड़े-कचरों की साफ-सफाई की गई। सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी ने लोगों से कूड़ा निस्तारण के लिए सदैव कूड़े दान का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पंचायत गांव की साफ-सफाई को लेकर कृत संकल्पित है। उन्होंने ग्रामवासियों से घर से निकलने वाले कूड़े-कचरे को इधर-उधर फेंकने के बजाय एक स्थान पर जमाकर सफाईकर्मियों को देने की अपील की। अभियान अगले 10 दिनों तक चलाया जाएगा। नरेंद्र सांगवान, सफाईकर्मी रणबीर, अजय, सूरज व नरेश आदि उपस्थित थे।

**सूचना**

मैं, सुरेश चंद्र पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण निवासी गांव सिदीपुर तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र चेतन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में निरंतर बढ़ रही भक्तों की भीड़

# मां चंद्रघंटा के स्वरूप में हुई शक्ति की पूजा-अर्चना

■ धार्मिक माहौल में बाजार का कामकाज भी बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

नवरात्र के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने माता के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा अर्चना करते हुए अपने परिवार की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मन्नत मांगी। आह्वान, संकल्प और नाद के रुप में अराध्य यह देवी सरस्वती का रुप हैं। देवी के इसी स्वरुप को साकार मानते हुए भक्तों की भीड़ निरंतर मंदिर में बढ़ रही हैं। धार्मिक माहौल में खास तौर पर बेरी क्षेत्र में बाजार का कामकाज भी काफी बढ़ा हैं। स्थानीय बाजार में दुकानें देर रात तक खुली रहती हैं। जिसके कारण पूरा माहौल एक अलग ही एहसास करवाता हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा एवं व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध यहां देखने को मिल रहे हैं। पूरा मेला परिसर सीसीटीवी की जद में है। बेरी स्थित माता भीमेश्वरी देवी का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है। परंपराओं के अनुसार चली आ रही रवायत के कारण लोगों का यहां आने का सिलसिला निरंतर चला आ रहा हैं। इतिहास बदला हैं मान्यताएं भी बदली हैं लेकिन रीति-रिवाज नहीं बदले हैं।





बेरी। मां भीमेश्वरी देवी की प्रतिमा, मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में दर्शनों के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। फोटो :हरिभूमि

### धूमधाम से निकलेगी ध्वजा एवं शोभायात्रा

**बहादुरगढ़।** मंदिर श्री बालाजी महाराज द्वारा 11 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल ध्वजा एवं शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के प्रधान रमेश गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 8 बजे शहर की अनाज मंडी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से विशाल ध्वजा एवं शोभायात्रा शुरू होगी। विभिन्न मार्गों से होती हुई नजफगढ़ रोड स्थित बालाजी मंदिर पर पहुंचेगी। जबकि शनिवार को दोपहर 12 से प्रभु इच्छा तक मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पुलिस से लापता पति के तलाश की लगाई गुहार

**बहादुरगढ़।** उत्तर प्रदेश मूल का एक व्यक्ति बहादुरगढ़ से लापता हो गया है। परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर उसको तलाश चुके हैं लेकिन उसका कुछ अता पता नहीं है। अब पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। छोटूराम नगर की निवासी चांदनी का कहना है कि वे यूपी मूल से हैं। पिछले कुछ समय से यहां रह रहे हैं। गत 15 मार्च को पति मिट्ठूलाल घर से बाहर गया था लेकिन वापस नहीं आया। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की लेकिन कहीं नहीं मिला।

### उखलचना कोट गांव में कुश्ती दंगल कल

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव उखलचना कोट में वीरवार को बाबा हरिदास मेले का आयोजन किया जाएगा। बाबा हरिदास कमेटी के प्रधान तस्वीर सिंह ने बताया कि इस वार्षिकोत्सव के दौरान देशी घी के भंडारे व कुश्ती दंगल का आयोजन भी समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जाएगा। कुश्ती दंगल में पहला इनाम एक लाख रुपये, दूसरा नाम इक्यावन हजार रुपये तथा तीसरा इनाम इक्कतीस हजार रुपये रखा गया है।

### मकान से पानी सप्लाई फिटिंग का सामान चोरी

**झज्जर।** गोच्छी गांव में एक मकान से चोर पानी सप्लाई फिटिंग से संबंधित सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में संदीप ने बताया कि उसने गांव में अपना नया मकान बनाया है। अब मकान में पानी की फिटिंग की जानी थी। जिस कारण उसने पलंबर द्वारा लिखाया गया बीस हजार रुपये से अधिक का सामान मंगवाकर मकान में रखा था। बीती 30 मार्च की रात चोर उसके मकान से सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित द्वारा पुलिस को दी शिकायत में चोरी हुए सामान की लिस्ट व बिल की जानकारी भी दी गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू

**झज्जर।** जिला कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एवं निर्वाचन अधिकारी साल्हावास मनीष फौगाट ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के अनुसार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर उपचुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

# बीज एवं कीटनाशक अधिनियम संशोधन के विरोध में उतरे व्यापारी


**झज्जर।** चौधरी छोटूराम धर्मशाला में खाद बीज विक्रेता एसोसिएशन सदस्य बैठक कर रणनीति बनाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*


**झज्जर।** नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए खाद बीज विक्रेता एसोसिएशन के पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### सरकार की नई पॉलिसी के विरोध में एकजुट हुए खाद बीज विक्रेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

मंगलवार को खाद बीज विक्रेता एसोसिएशन द्वारा शहर की चौधरी छोटूराम धर्मशाला में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में सरकार द्वारा शुरू की गई नई पॉलिसी का विरोध जताया गया। मीटिंग में मौजूद खाद एवं बीज विक्रेता प्रमोद बंसल व बलवान हसनपुर ने बताया कि बीज एवं कीटनाशी अधिनियमों में संशोधन कर अर्थ दंड एवं कारावास के प्रावधान कड़े किए गए हैं। इन कानूनों द्वारा प्रभावित वर्गों, बीज उत्पादक, विक्रेता एवं कीटनाशी निर्माता व विक्रेताओं की आपत्तियां सुने बिना पास किया गया है। यह सरकार का एक पक्षीय निर्णय बीज व कीटनाशक उत्पादकों तथा विक्रेताओं का जीवन दूभर कर देगा। सारा व्यापार बंद होने के कगार पर आ जाएगा। लाखों लोग बेरोजगार हो जाएंगे। सैम्पल सब-डिविजन आना उसको नकली साबित नहीं करता है। उन्होंने कहा कि वे आपके लाइसेंस धारी विक्रेता है जो सील बंद उत्पाद की खरीद बेच करते हैं। उत्पाद की गुणवता उत्पादक व पैककर्ता कंपनी के हाथ में होती है और उसका प्रयोग किसान के हाथ में।

#### कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा से भी मिलेंगे

उन्होंने कहा कि हम इस कानून का विरोध करते हैं। वे इस संबंध में कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा से भी मिलेंगे। मीटिंग के उपरांत एसोसिएशन के सभी सदस्य लघु सचिवालय पहुंचे। यहां उन्होंने नायब तहसीलदार कीर्ति के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस मौके पर जयवीर, नरेंद्र, प्रमोद डीघल, नवीन गुढ़ा, मोनू तलाव, हरबीर, गुरजीत मातनहेल, आजाद माछरौली, लोकेश सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# सीवरेज समस्या पर किया मंथन

- सीवरेज समस्या का स्थाई समाधान करने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़


**बहादुरगढ़।** अधिकारियों से सीवरेज समस्या पर चर्चा करती चेयरपर्सन सरोज राठी।

चेयरपर्सन सरोज राठी ने नगर परिषद कार्यालय में जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ एक मीटिंग की। मीटिंग में उन्होंने शहर की मौजूदा सीवरेज समस्या व उसके स्थाई समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की।

चेयरपर्सन सरोज राठी ने जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ नितिन व अन्य अधिकारियों से शहर की मौजूदा सीवरेज समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए पूरी प्लानिंग के साथ काम करने का अनुरोध किया।

एसडीओ नितिन ने कहा कि मानसून से पहले सीवरेज से संबंधित सभी समस्याओं का स्थाई समाधान कर दिया जाएगा। मीटिंग में रमेश राठी, पार्षद राजेश तंवर, राजेश मकडोली, राजेश सैनी व जेई आशीष आदि मौजूद रहे।

# मेधावी छात्राओं को किया प्रोत्साहित

- जसोर खेड़ी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्कूल में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़


**बहादुरगढ़।** छात्राओं को प्रोत्साहित करते संस्थाओं के पदाधिकारी।

गांव जसोर खेड़ी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्कूल में नव सत्र प्रवेश उत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बहादुरगढ़ की सामाजिक संस्थाओं ने बच्चों को उपहार भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया।

नवीन चैरिटेबल मेमोरियल ट्रस्ट के संचालक धनराज तहलान ने अपनी कक्षाओं में विशेष अंकों से पास छात्रों को उपहार दिए। सतवीर सिंह दहिया ने जीवन में नैतिक मूल्यों का महत्व समझाया। ब्रह्म सेवा समिति अध्यक्ष दिनेश ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। प्रिंसिपल विजय खत्री ने संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

# बैंक में आपस में भिड़े कर्मचारी

- झगड़े के बाद एक दूसरे पर जड़े आरोप-प्रत्यारोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर


**झज्जर।** सीसीटीवी में कैद हुई मारपीट की वारदात। *फोटो: हरिभूमि*

दी झज्जर सेंट्रल कॉ-ऑपरेटिव बैंक के स्थापना अधिकारी व ड्राईवर के बीच हुए झगड़े में दोनों बैंक कर्मियों द्वारा एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए गए हैं। जहां ड्राईवर का कहना है कि अधिकारी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए उसे नौकरी से हटवाना चाहता है वहीं अधिकारी द्वारा इसे बोर्ड मीटिंग का निर्णय बताया जा रहा है।

पुलिस को दी शिकायत में ढाकला निवासी छबीला पुत्र करतार सिंह ने बताया कि वह बैंक में बतौर ड्राईवर तैनात है। मंगलवार की सुबह करीब दस बजे जब वह अपनी ड्यूटी पर पहुंचा तो वहां ईओ संदीप राज्याण उसके साथ अभद्र व्यवहार करने लगा। छबीला का आरोप है उसने उसकी नियुक्ति बारे सरकार को कोसा। वह इससे पहले अन्य कर्मचारियों के साथ भी अभद्रता कर चुका है। उधर, ईओ संदीप राज्याण ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि जब वे बैंक में करीब सवा दस बजे बैंक स्टॉफ सदस्यों के साथ वार्षिक समापन के संबंध में वार्तालाप कर रहे थे तो उसी दौरान ड्राईवर छबीला ने आकर उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उसने डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचित किया। उन्होंने बताया कि बीती 29 मार्च को बैंक निदेशक मंडल की बैठक में ड्राईवर छबीला की सेवाएं बैंक से निष्कासित करते हुए इसकी सूचना हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड को प्रेषित की गई है। जिसमें उसकी कोई जिम्मेवारी नहीं थी।

# दीनबंधु छोटूराम धाम को जून ने दिए 25 लाख

- एचएल सिटी के निदेशक ने दिवंगत पिता की याद में गांव के मंदिर में दिए 21 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़


**बहादुरगढ़।** छोटूराम धाम के पदाधिकारियों को चेक सौंपते राकेश जून।

सर्वधर्म विश्व जाट एकता केंद्र (दीनबंधु छोटूराम धाम) के निर्माण के लिए एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून ने मंगलवार को 25 लाख रुपए की तीसरी किश्त का चेक दिया। उन्होंने दीनबंधु छोटूराम धाम के लिए सवा करोड़ रुपए का सहयोग करने का ऐलान कर रखा है।

इसके अलावा उन्होंने दिवंगत पिता स्व. सुंदरलाल जून की याद में गांव खुंगाई के मंदिर में 21 लाख रुपए का दान दिया। बता दें कि एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून के पिता सुंदरलाल जून का निधन 30 सितंबर 2024 को हो गया था। उनकी याद में उन्होंने पहले मोक्ष संस्था को एक शव वाहन और एक एंबुलेंस दी थी। मंगलवार को अपने पिता की याद में उन्होंने गांव खुंगाई के मंदिर में भंडारे का आयोजन किया।

इस दौरान गांव की तरफ से राकेश जून को पगड़ी भी बांधी गई। उन्होंने गांव के मंदिर में 21 लाख रुपए का दान दिया। इसके अलावा जाट सेवा संघ के प्रधान रणधीर सिंह को अपनी तरफ से 25 लाख रुपए का चेक सौंपा। जून ने बताया कि दीनबंधु छोटूराम धाम के लिए 5 साल तक हर साल 25 लाख रुपए दिए जाएंगे। आनंद जून ने भी जाट सेवा संघ को एक लाख रुपए का सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि जसिया में बने रहे छोटूराम धाम को सामाजिक और शैक्षणिक तौर पर युवाओं को आगे बढ़ाने का काम होगा। इस मौके पर विधायक राजेश जून, रणबीर जून, अमित जून, जोगेंद्र जून, वीरेंद्र जून, मंजीत जून, विजेंद्र जिंदल, राजीव जून, बलजीत जून, श्रीभगवान, विनोद जून, जयभगवान, कुलदीप सिंह, विजय, देवेंद्र आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### कुलासी और लगरपुर में चोरी की वारदात

**बहादुरगढ़।** इलाके में चोरी की वारदात तेजी से बढ़ रही है। वाहन, मकान, फैक्ट्री और यहां तक की खेत भी सुरक्षित नहीं हैं। आए दिन लोग शिकायतें लेकर थाने पहुंच रहे हैं। अब यहां लगरपुर में दो किसानों के खेतों तथा कुलासी स्थित एक फैक्ट्री में चोरी की वारदात हुई है। संबंधित थानों की पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लगरपुर गांव के पूर्व प्रधान धर्मबीर का कहना है कि गत 30 मार्च की रात को उनके खेतों में चोरी हो गई। जब वह सोमवार को खेत में गए तो वारदात का पता चला। खेत से मोटर, बैंड और स्टार्टर आदि गायब मिले। इसके अलावा मेरे चचेरे भाई रामकंवार के खेत से भी इतना ही सामान चोरी हुआ है। अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस वारदात से हमें काफी आर्थिक हानि हुई है और काम भी बाधित हो गया है। उधर, बादली थाना पुलिस ने इस शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, सेक्टर-9 के निवासी गांव कुलासी में हमारी कंपनी की नई साइट तैयार हो रही है। सोमवार 31 मार्च को जब साइट पर गए तो लोहे का काफी सामान गायब मिला। अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। अज्ञात चोर वारदात को अंजाम दे गए हैं।

# संस्कारम विवि के चांसलर डॉ. महिपाल को मिला इंपैक्ट ऑफ बिजनेस एजुकेशन अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर



**झज्जर।** चांसलर डॉक्टर महिपाल को अवार्ड देते आयोजन व अतिथि।

संस्कारम विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल को इंपैक्ट ऑफ बिजनेस एजुकेशन अवार्ड से नवाजा गया है। उन्हें यह अवार्ड दिल्ली में आयोजित बिग इंपैक्ट अवार्ड्स 2025 के समारोह में प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित अवार्ड शिक्षा जगत में डॉक्टर महिपाल की अहम भूमिका को दर्शाता है। चांसलर डॉक्टर महिपाल ने बताया कि यह कार्यक्रम दिल्ली के होटल प्राइड प्लाजा, एरोसिटी में आयोजित किया गया, जहां देश के प्रमुख शिक्षाविदों और उद्यमियों ने भाग लिया। सांसद चिराग पासवान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान व्यावसायिक शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस मौके पर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं बल्कि पूरे विश्वविद्यालय, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों का है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवनिर्माण और नवाचार की दिशा में उनके प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

# गडकरी से की फ्लाईओवर बनवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़


**बहादुरगढ़।** नितिन गडकरी से फ्लाईओवर बनवाने की मांग करते जसबीर सैनी।

बाइपास पर सेक्टर-9/9ए तथा बस अड्डे के कट पर फ्लाईओवर बनवाने के लिए ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने बातया कि नया बस स्टैंड बनने के बाद से यह कट बंद हो गया है।

जिस कारण लोग गलत दिशा से सेक्टर की तरफ आते हैं और सड़क हादसे होते रहते हैं। उन्होंने नया गांव और बालौर चौक पर फ्लाईओवर बनवाने के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार जताया। साथ ही बस अड्डे के सामने भी फ्लाई-ओवर जल्द बनवाने की मांग की।

### कर्मचारियों ने मनाया ब्लैक डे

**बहादुरगढ़।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा के आह्वान पर बहादुरगढ़ में कर्मचारियों ने मंगलवार को यूनिफाइड पेंशन स्कीम के विरोध में ब्लैक डे मनाया। कर्मचारियों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज करवाया। उनके अनुसार न्यू पेंशन स्कीम की तरह यूनिफाइड पेंशन स्कीम में भी अनेक कमियां हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारी एनपीएस या यूपीएस की बजाय ओपीएस ही चाहिए।


**बहादुरगढ़।** काली पट्टी बांधकर विरोध जताते कर्मचारी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

संस्कारम पब्लिक स्कूल में बच्चों व शिक्षकों ने हवन में आहुति डाली

# एआई रोबोटिक्स लैब के उद्घाटन के साथ सत्र का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर


**झज्जर।** हवन कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक एवं विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

संस्कारम पब्लिक स्कूल में मंगलवार से नए सत्र की शुरुआत की गई। नए सत्र को प्रवेशोत्सव के तौर पर मनाया गया। स्कूल में हवन पूजन व सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। इसके बाद कक्षाओं का संचालन करते हुए शिक्षकों ने सभी बच्चों का स्वागत किया और नए सत्र की शुभकामनाएं दीं। सत्र के पहले दिन स्कूल आने को लेकर बच्चों में काफी उत्साह रहा। इस दौरान हवन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें शिक्षकों व विद्यार्थियों ने आहुति डालते हुए सुख-समृद्धि की कामना की। नई कक्षाओं में बैठकर बच्चे भी काफी खुश दिखाई दिए। पहले दिन को खास और मनोरंजक बनाने के लिए शिक्षकों ने बच्चों के लिए खास गतिविधियां आयोजित कराई। नए सत्र की शुरुआत के साथ विद्यार्थियों को अत्याधुनिक तकनीकी कौशल से लैस करने की दिशा में एक अग्रणी कदम में संस्कारम स्कूल ने उन्नत एआई और रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन किया। यह नई सुविधा विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग और रोबोटिक्स में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने, युवा दिमाग में नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन की गई है। प्रयोगशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की शिक्षा में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया जाएगा। यह प्रयोगशाला अत्याधुनिक उपकरणों और संसाधनों से सुसज्जित होगी जिसमें प्रोग्रामेबल रोबोट, एआई डेवलपमेंट किट, 3डी प्रिंटर और सिमुलेशन सॉफ्टवेयर शामिल हैं।

#### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही उज्जवल भविष्य की कुंजी

संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने सभी विद्यार्थियों का नए सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही उज्जवल भविष्य की कुंजी है। जिसके लिए नए सत्र से संस्कारम स्कूल एआई और रोबोटिक्स लैब की शुरुआत करने जा रहा है। यह सुविधा विद्यार्थियों को बेहतर सोचने, वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने और प्रौद्योगिकी में भविष्य के युवा बनने के लिए सशक्त बनाएगी।